श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
30.04.2024
वैशाख कृष्णपक्ष षष्ठी संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 245

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:22 बजे
अस्त - 06:24 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 42 डिग्री से.
न्यूनतम : 27 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com
कांडी थाना को तत्काल सील करने का आदेश >> पेज 03 | सभी 14 सीटें जीतेंगे : मोहन यादव >> पेज 04

**सुविचार**

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते

**न्यूज अपडेट्स**

### गिरिडीह में 18 लाख नकद जब्त

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस नशा के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को एसपी दीपक शर्मा को मिले गुप्त सूचना के आधार पर जमुआ पुलिस ने मिजार्गंज बाजार स्थित सुरेन्द्र साव के दुकान में छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में बड़े पैमाने पर सुरेन्द्र साव के दुकान और घर से 18 लाख 18 हजार 700 नगद रुपए, चार किलो गांजा, 680 पीस बोंगा और बोंगा बनाने वाली 12 पैकेट समाग्री और गांजा और खैनी का मिश्रण भी 1.66 किलो ग्राम पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### जैक इंटर का रिजल्ट आज

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) इंटर का रिजल्ट 30 अप्रैल को जारी करेगा। जैक पूर्वाह्न 11 बजे इंटर साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स सभी का रिजल्ट एक साथ जारी करेगा। झारखंड बोर्ड इंटरमीडिएट के 94 हजार 433 विद्यार्थियों ने विज्ञान की परीक्षा दी थी। इनके अलावा 25 हजार 907 विद्यार्थी 12वीं कॉमर्स व 02 लाख 24 हजार 502 परीक्षार्थी आर्ट्स की परीक्षा में शामिल हुए थे। झारखंड बोर्ड 12वीं का रिजल्ट छात्र जैक की ऑफिशियल वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**चुनाव** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गिरिडीह में कहा

# दो चरणों की वोटिंग के बाद मोदी का उत्साह ठंडा पड़ा

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद समाहरणालय के समीप पपराटांड़ खेल मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया। चम्पाई ने तंज कसते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से 400 पार का नारा लगाया जा रहा था लेकिन दो चरणों के मतदान के बाद अब मोदी और भाजपा का उत्साह ठंडा पड़ता जा रहा है। इनका बस चलता तो ये 543 सीटों पर जीत का दावा कर देते लेकिन दो चरणों के मतदान के बाद अब भाजपा जान चुकी है कि उनका क्या होने वाला है। मुख्यमंत्री से पहले कल्पना सोरेन ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए पति हेमंत सोरेन और ससुर शिबू सोरेन के नामों का जिक्र करते हुए कहा कि वो भाग्यशाली हैं कि झारखंड के एक आंदोलनकारी नेता की बहू हैं। क्योंकि, गिरिडीह की धरती से शिबू सोरेन ने जो आंदोलन किया था, वो हर एक झारखंडी की अस्मिता और वजूद से जुड़ा था। जनसभा में उमड़ी भीड़ ने इस दौरान जमकर नारे भी लगाये। कल्पना सोरेन ने समर्थकों के जोश और उत्साह को बढ़ाये रखा और मंच से जमकर हेमंत सोरेन के समर्थन में नारे लगाये। कल्पना ने कहा कि हेमंत सोरेन राज्य के युवा नेता हैं और भाजपा ने उन्हें जेल भेज दिया। ये राज्य के युवा कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा कि वो पिछले कई दिनों से गांडेय का भ्रमण कर चुकी हैं और उन्हें सबसे अधिक परेशानी तब होती है जब वो इलाके में पानी के लिए लोगों को परेशान होते देखती हैं। इसलिए यदि वो उप चुनाव जीतीं, तो सबसे पहले पीने के पानी के साथ सिंचाई के लिए पानी की व्यस्था कराने का प्रयास करेंगी। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मिथलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख, हफीजुल हसन, आलमगीर आलम, सांसद सरफराज अहमद, मंत्री बसंत सोरेन, विधायक इरफान अंसारी, सदर विधायक सुद्विया कुमार सोनू, पूर्व सांसद महुआ माजी, जेएमएम के सुप्रियो भट्टाचार्य, गिरिडीह जेएमएम, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेता कृष्ण मुरारी शर्मा, जेएमएम के संजय सिंह, अजीत कुमार पप्पू, शाहनवाज अंसारी, जमुआ कांग्रेस की प्रभारी डॉक्टर मंजू कुमारी समेत इंडी गठबंधन के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### साहिबगंज में 25 घर जलकर राख, दो साल की बच्ची की मौत



**साहिबगंज।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालबथानी के हाजी टोला में सोमवार को अचानक लगी आग से 25 घर जलकर राख हो गये। इस दौरान घर में सो रही एक दो वर्षीय बच्ची की झुलस कर मौत हो गयी, वहीं एक महिला घायल हो गयी है। बताया जाता है कि किसी एक घर से चूल्हे से निकली चिंगारी से घर जलने लगा। इसके बाद देखते-ही-देखते आग ने तकरीबन दो दर्जन घरों को अपनी चपेट में ले लिया। सभी घर धू-धू कर जलने लगे। काफी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों की मानें, तो इस हादसे में करीब 10 लाख का नुकसान हुआ है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उस पर काबू पाना बेहद मुश्किल हो रहा था। स्थानीय लोग लगातार बोरिंग नल की मदद से आग बुझाने का प्रयास कर रहने लगे। हादसे के बाद लोगों ने इसकी सूचना थाना प्रभारी व अग्निशमन विभाग को दी। इसके बाद थाना प्रभारी शशि सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास में जुट गये। वहीं ट्रैफिक ज्यादा होने के कारण दमकल को पहुंचने में देर हो गयी। इस कारण लोगों में काफी गुस्सा था। दमकलकर्मी जल्दी से आग बुझाने में जुट गये। तकरीबन एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मृत बच्ची के पिता मोहम्मद फिरोज आलम ने बताया कि वे लोग अपने काम में व्यस्त थे। अचानक से आग लगी और देखते-ही-देखते कुछ ही देर में आग ने आसपास के सभी कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। बच्ची घर में सो रही थी। जब तक दौड़ कर कमरे के अंदर गये। बच्ची को आग ने चपेटे में ले लिया था। लाख प्रयास करने के बावजूद भी अपनी बच्ची को नहीं बचा पाये।

### भीषण गर्मी और लू के कारण केजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं स्थगित

**रांची।** राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में केजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। शिक्षकों-शिक्षकेत्तर कर्मियों को देय ग्रीष्मावकाश के लिए अलग से आदेश निर्गत किया जायेगा। यह आदेश सोमवार को सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने जारी की है। यह अगले आदेश तक लागू रहेगा।

**शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी करेंगे ये काम**

-कक्षा एक से सात तक की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए परीक्षाफल प्रकाशन, रिपोर्ट कार्ड की तैयारी, छात्रवार विद्यार्थियों के प्राप्तांक को ई-विद्यावाहिनी में ऑनलाईन कार्य पूरा करेंगे।
-यू-डाईस प्लस में विद्यार्थियों के आंकड़ों की शत-प्रतिशत प्रविष्टि का कार्य पूर्ण करेंगे।
-विद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की केटलागिंग करते हुए इसे संधारित करना सुनिश्चित करेंगे।
-सभी प्रकार के पंजी, बैंक पासबुक, कैशबुक इत्यादि का अद्यतन संधारण करेंगे।
-शैक्षणिक सत्र-2024-25 के लिए नामांकन करेंगे।
-शैक्षणिक सत्र-2024-25 के लिए कक्षावार एवं विषयवार पाठ्य योजना तथा संबंधित शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण करेंगे।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री आज व कल झारखंड में

**रांची।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को आ रहे हैं। वह 30 अप्रैल को धनबाद जाएंगे। वहां से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल होंगे और अपराह्न 3:00 बजे प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शाम 7:00 बजे रांची पहुंचकर मारवाड़ी धर्मशाला हरमू में प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक करेंगे। रात्रि विश्राम रांची में होगा। एक मई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हजारीबाग जाएंगे, जहां वे एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे और हजारीबाग के तर्जन मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री शर्मा देर शाम रांची से लौट जाएंगे। भजनलाल शर्मा के साथ नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी रहेंगे। उधर, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत 30 अप्रैल को रांची आएंगे। रांची से वे हेलीकॉप्टर द्वारा जमशेदपुर जाएंगे। वहां एनडीए प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के नामांकन में सुबह 11 बजे शामिल होंगे। शेखावत साकची में आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके साथ प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी रहेंगे।



गढ़वा के मामले में सुनवाई के दौरान झारखंड हाइकोर्ट ने कहा

# प्रशासन या सरकार किसी भी व्यक्ति के घर को जबरदस्ती नहीं तोड़ सकते

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने गढ़वा सदर में अतिक्रमण बताकर एक घर को तोड़ने की नोटिस दिए जाने से संबंधित अशोक कुमार की याचिका की सुनवाई के बाद आदेश में कहा कि प्रशासन या सरकार किसी भी व्यक्ति के घर को जबरदस्ती नहीं तोड़ सकते, चाहे वह अवैध अतिक्रमण ही क्यों ना हो। कोर्ट ने कहा कि कानून के द्वारा विधि सम्मत तरीके से प्रोसिडिंग चलाएं बिना घर तोड़ने की कार्रवाई नहीं की जा सकती है, चाहे वह अतिक्रमण का क्यों ना हो। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि राज्य सरकार को लगता है कि याचिकाकर्ता का घर अवैध अतिक्रमण का है तो झारखंड पब्लिक लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई कर करके ही उसे हटा सकती है। बगैर इसके याचिकाकर्ता का घर नहीं हटाया जा सकता है। याचिकाकर्ता के गढ़वा सदर स्थित आवास में 10 मार्च को गढ़वा सीईओ ने नोटिस निर्गत कर 24 घंटे के अंदर उनके घर के दस्तावेज को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, अन्यथा उसके घर को अवैध अतिक्रमण मानते हुए उसे अतिक्रमण मुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही थी। इसके बाद 11 मार्च को याचिकाकर्ता ने गढ़वा सीओ के पास समुचित कागजात जमा कर दिए थे। इसके बाद भी सर्किल इंस्पेक्टर, गढ़वा सदर पुलिस बल के साथ उनके घर आए थे और उनके घर की नापी ली और लाल दाग लगा दिया था। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में इसके खिलाफ याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने मामले में दिशा-निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।




### लातेहार में पेड़ से टकराई कार, दो की मौत

**लातेहार।** जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मेराल गांव के पास सोमवार को अनियंत्रित कार पेड़ से जा टकराई। इस घटना में कार पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान हजारीबाग बरकट्टा निवासी लवनाथ सिंह (56) और चतरा निवासी रितिक कुमार (22) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार लवनाथ सिंह मध्य प्रदेश के सिंगरौली में कोलियरी में कार्यरत थे। रितिक कुमार के साथ वे सिंगरौली से कार से हजारीबाग आ रहे थे। इसी बीच हेरहंज थाना क्षेत्र के मेराल गांव के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। घटना के समय गाड़ी की रफ्तार काफी अधिक थी। दुर्घटना में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। दुर्घटना के बाद तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग वहां पहुंचे और तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी विक्रम कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों को बालूमाथ अस्पताल पहुंचवाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। बाद में दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया। हालांकि, दुर्घटना की असली वजह का पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।



# दिनेश कॉलेज में प्राथमिक उपचार पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में सोमवार को वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत प्राथमिक उपचार पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राध्यापकां एवं प्रशिक्षकों को मतदाता जागरूकता का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि वनांचल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राध्यापक संजीव श्रीवास एवं नीलोफर शेख ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर नीलोफर शेख ने प्राथमिक उपचार का महत्व, उपयोगिता एवं प्रायोगिक रूप में उसकी व्याख्या की। संजीव श्रीनिवास ने विस्तृत रूप से प्राथमिक उपचार का व्याख्या किया तथा प्रदर्शन विधि द्वारा प्रस्तुत करके दिखाया। नर्सिंग की छात्रा विभा ने सीपीआर विधि को प्रदर्शित करके दिखाया। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने बताया कि प्राथमिक उपचार का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति को अवश्य होना चाहिये। ताकि अपने स्तर से किसी की जान बचाई जा सके। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रोफेसर डॉ एमके सिंह एवं कुलसचिव डॉ लल्लन सिंह ने इस तरह के कार्यक्रम की सराहना करते हुये सभी को प्रोत्साहित किया। मौके पर दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, डॉ आशुतोष मिश्रा, आनंद कुमार चौबे, मनोज गुप्ता, शशिकांत सिंह यादव, अभिमन्यु शुक्ला, बीएन सिंह, एसएन ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**मेदिनीनगर :** लोकतंत्र का महापर्व चुनाव पलामू जिले में 13 मई को होना है। प्रशासनिक स्तर पर तमाम तैयारियां की जा रही हैं। पर एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम अपने स्तर से लोगों को मतदान के लिये जागरुक करें। ताकि हमारे क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढे। इसी बात को ध्यान में रखकर वरदान चौरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने कल शहर के भुईंया टोली में मतदाता जागरुकता अभियान चलाकर लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा के अलावा मयूरेश द्विवेदी और ज्योति सिन्हा उपस्थित थे। सभी ने भुईंया टोली में घर-घर जाकर लोगों को मतदान करने के लिये प्रेरित किया और 13 मई को मतदान केंद्र पर अवश्य जाने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सलाह दी।

## पलामू ▸ सुल्तानी घाटी के पास बना रहे थे योजना

# अपराध की योजना बनाते हथियार के साथ दो धराये



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** छतरपुर थाने की पुलिस ने रविवार को सुल्तानी घाटी से धोबीडीह जानेवाले रास्ते से दो व्यक्तियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गहोरा निवासी सुभाष कुमार यादव (22) पिता अजय यादव व छोटू कुमार यादव (19) पिता संगम यादव के नाम शामिल हैं। इस संबंध में एसपी रिष्मा रमेशन ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सुलतानी घाटी से धोबीडीह जाने वाले रास्ते में दो व्यक्ति खड़े हैं और किसी अपराध की घटना को अंजाम देने की तैयारी में लगे हुये हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के बाद छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में गठित छापामारी दल स्थल पर पहुंची। वहां सड़क के किनारे एक बाईक के साथ दो व्यक्ति खड़े थे जो पुलिस को अपने नजदीक आता देख बाईक को छोड़कर भागने लगे। लेकिन पुलिस बल ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। एसपी ने बताया कि तलाशी के दौरान दोनों के कमर से एक-एक देसी कट्टा एवं दोनों के पेंट के पॉकेट से एक-एक मोबाईल बरामद हुआ। पुलिस ने एक बाईक (जेएच03आर3023) को भी जब्त किया है। छापामारी दल में छत्तरपुर एसडीपीओ के अलावा पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम, थाना प्रभारी राजेश रंजन, पुअनि राहुल कुमार, सुशील उरांव, निखिल कुमार चौरसिया व घनश्याम मिश्रा, पुलिस जवान सच्चीदा कुमार पासवान, निरज कुजुर व सुभाष कुमार शामिल थे।

## देशी कट्टा के साथ हथियार तस्कर गिरफ्तार, तीन पर प्राथमिकी : एसपी

**मेदिनीनगर :** हरिहरगंज थाने की पुलिस ने भगत तेन्दुआ ओवर ब्रीज के पास से एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी रिवाल्वर जिसकी लम्बाई करीब 12 अंगुल, एक सिंगल शॉट का देशी कट्टा, जिसका लम्बाई करीब 14 अंगुल, एक सिंगल शॉट का देशी कट्टा जिसकी लम्बाई करीब 16 अंगुल है के साथ आरोपी के पास से रियलमी कम्पनी का एक एंड्राएड मोबाईल जब्त किया है। इस संबंध में एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि भगत तेन्दुआ ओवर ब्रीज के पास एक व्यक्ति कई तरह के हथियार रखे हुये है जिसे बेचने के लिये किसी ग्राहक को बुलाया है। सूचना के बाद गठित छापामारी दल ने स्थल पर पहुंचकर एक व्यक्ति को खड़ा पाया। तलाशी के दौरान उसके पास से हथियार समेत कई सामान बरामद किये गये। पूछे जाने पर उसने अपना नाम और पता बिहार के औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह निवासी विवेक कुमार उर्फ छोटू (19) पिता लालदेव यादव बताया। अभियुक्त विवेक कुमार उर्फ छोटू को हरिहरगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आर्म्स एक्ट अंतर्गत प्राथमिकी अभियुक्त विवेक कुमार उर्फ छोटू, हरिहरगंज थाना क्षेत्र के लंगुराहा निवासी राजा व बक्सर, बिहार के ज्योति के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार अपराधी ने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में दोनों का नाम लिया है, जिसमें पहला से वह हथियार खरीदता था और दूसरा जिसके माध्यम से ये हथियार बेचा करता था। छापामारी दल में छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार, पुअनि सतीश कुमार गुप्ता, नंदलाल साहनी व विगेश कुमार राय, पुलिस जवान जितु चौधरी, अर्जुन पासवान आदि शामिल थे।

## विधायक ने कुटमु में ग्रामीणों के साथ की बैठक



**विश्रामपुर :** मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है क्षेत्र में हर पार्टी के नेता चुनाव प्रचार को अपने-अपने हिसाब से तेज कर दिये हैं। पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद चंद्रवंशी ने सोमवार को पांडू प्रखंड के कुटमु गांव में वहां के मतदाताओं के साथ बैठक कर भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिये क्षेत्र के लोगों ने मन बना लिया है। विधायक ने कहा कि भाजपा के शासन काल में हर जाति वर्ग का विकास हुआ है। वहीं देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की राह पर है। भाजपा शासन काल में देश की अर्थव्यवस्था काफी सुदृढ़ हुई है। मोदी जी के शासनकाल में देश के हरेक सेक्टर में विकास के नये आयाम गढ़े गये हैं। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि रामचंद यादव, डॉ बीपी शुक्ला, चन्द्रदेव मांझी समेत कई लोग शामिल थे। उधर भाजपा नेता अजय दुबे ने लालगढ़ सहित अन्य गांवों में पार्टी कार्यकताओं के साथ जाकर वीडी राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर शंभू शरण सिंह, कृष्णमुरारी सिंह, बैद्यनाथ सिंह, सहित भाजपा के कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**पांकी :** रविवार की देर रात करीब 9.30 बजे पांकी थाना क्षेत्र के पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर सरैया-सलगस के बीच पेट्रोल पंप के निकट एक तेज रफ्तार बोलेरो बाईक सवार को रौंदते हुये पलट गई। इस घटना में बाईक सवार युवक मुकेश कुमार राम की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि बाईक पर सवार महिला सरस्वती देवी और गोविंदा राम गंभीर रूप से घायल हो गये। बोलेरो पलटने के बाद उसमें सवार कई लोग भी जख्मी हुये हैं।

# कामेश्वर बैठा ने मेराल के गांवों का दौरा कर मांगा जन समर्थन

### पलामू का लाल करेगा क्षेत्र का विकास, बाहरी नहीं

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** बहुजन समाज पार्टी के पलामू लोकसभा प्रत्याशी पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र में तूफानी दौरा कर लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने गोंदा, लातदाग, सोहबरिया, पढुआ, पतहरिया, बंका, रजबंधा, अधौरी, भीमखाड़, बनुआ, रजहारा, संगबरिया, तेनार सहित प्रखंड के कई गांव के बाद हारादाग बाजार में जनसंपर्क कर लोगों से बहुजन समाज पार्टी के चुनाव चिन्ह हाथी छाप पर वोट देने की अपील की। इस दौरान श्री बैठा ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र विकास से कोसो दूर है। क्षेत्र का विकास नहीं होने के कारण आज भी लोग मुख्यधारा से भटके हुये हैं। उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने के लिये उद्योग धंधे लगाने होंगे, हर खेत को पानी और हर हाथ को काम देना होगा, जो पलामू का लाल ही कर सकता है। उन्होंने एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी पर कटाक्ष करते हुये कहा कि बाहरी बेटा, बेटी से क्षेत्र का विकास संभव नहीं हैं। इस दौरान गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र साव, उमाशंकर राम, रामू गुप्ता, काशी चंद्रवंशी, देवमुनि बैठा, भरदूल वियार, रामप्रवेश प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

# परशुराम जन्मोत्सव पर जलायें हर घर व मंदिर में दीप : देवेंद्र

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** अक्षय तृतीया के दिन भगवान श्री परशुराम जयंती को लेकर राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी पलामू ने तैयारी शुरू कर दी है। पिछले दशक से परशुराम जयंती मनाने की परंपरा को नया स्वरूप देने को लेकर परशुराम वंशजों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी व संचालन प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी व विषय प्रवेश प्रवक्ता संजय मिश्रा ने कराया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि पलामू जिला की कमान दूसरी बार पूर्वडीहा निवासी विकास दूबे को सौंपी गई है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को प्रदेश संरक्षक भागवत मिश्रा ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अधिवक्ता सुधा पाण्डेय ने फरसा सौंपा। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आये युवा वाहकों ने चुनावी माहौल की वजह से प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने पर शोभायात्रा स्थगित करने पर सहमति दी। परंतु पूजा पाठ विधि विधान से नया रंग, रूप एवं नये अंदाज में मनाने पर विप्र बंधुओं ने अनेकानेक सुझाव दिये। मौके पर हर घर वृक्षारोपण, हर मंदिर, शिवालयों की साफ-सफाई एवं दीपदान, जनेऊ, तिलक, शिखा की परंपरा को अपनाने, जन्मोत्सव पर विरासती वेशभूषा कुर्ता धोती पहनने, मंदिर के पुजारियों को सम्मान सहित आमंत्रित करने एवं प्रदेश कार्यालय प्रांगण में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अनिल दुबे, रमेश शुक्ला, प्रदीप दुबे, राकेश पाण्डेय, मनीष ओझा, सुशील तिवारी, अरविंद पाण्डेय, संजय उपाध्याय, धनंजय तिवारी, मुकेश तिवारी, गोरख पाठक, मुकेश पाठक, मनोज ज्वाला, शशिभूषण पाण्डेय, पंसस नवीन चौबे, शशि शंकर तिवारी, अमर मिश्रा, दिलीप पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय, अर्णव, अजीत चौबे, चंदन तिवारी, बिट्टू दूबे, विक्रांत त्रिपाठी, गोपाल पाण्डेय, कृष्ण कन्हैया दुबे, संजय पाण्डेय, अमित पाण्डेय, अंकित उपाध्याय, धीरज, श्वेता तिवारी, भानू दूबे, अनुज पाण्डेय, भास्कर दूबे आदि उपस्थित थे।

# 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने वालों को मिलेगी 15% की छूट : अमरेन्द

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने वाले लोगों को उन्हें टैक्स की राशि में 15 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक वर्ष 2024-25 के लिये कर जमा करने वाले करदाताओं को अधिकतम 15 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। इसके तहत सभी को 5 प्रतिशत की छूट मिल रही है। बताया कि होल्डिंग महिला के नाम से होने पर 5 प्रतिशत की छूट, स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर ढाई प्रतिशत की छूट, आर्मी या ट्रांसजेंडर होने पर 5 प्रतिशत की छूट, वरिष्ठ नागरिक होने पर भी 5 प्रतिशत की छूट साथ ही दिव्यांग जनों को भी 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि यह छूट केवल आवासीय धृतयो पर ही लागू होगी। ऑनलाईन भुगतान करने वाले लोगों के बारे में भी बताया कि ऑनलाईन होल्डिंग टैक्स विभाग के वेबसाइट पर अपना बकाया कर जमा कर सकते हैं। उन्हें भी ऑनलाईन की सुविधा दी गई है, अगर वह नगर पंचायत कार्यालय नहीं आना चाहते हैं तो इसका लाभ ले सकते हैं। ऑनलाईन भुगतान करने वालों को भी 5 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। ऑनलाईन भुगतान के लिये होल्डिंग टैक्स विभाग के व ॆ ब ा स ा ा इ ॅ ट www.suda.jharkhand.jov.in पर जाकर अपना नगर निकाय चयन करना होगा तथा वार्ड नंबर व होल्डिंग नंबर डालते ही भुगतान का विकल्प आ जायेगा। इसमें क्रेडिट कार्ड व डेबिट कार्ड से भी भुगतान कर सकते हैं। बताया कि निर्धारित पत्रिका तिथि तक होल्डिंग टैक्स नहीं जमा करने वाले लोगों को 30 जून के बाद बकाया टैक्स की राशि पर प्रतिमाह एक प्रतिशत ब्याज दर की राशि भी देना होगा।

# पूर्वजों की याद में पनशाला खोला जाना सराहनीय कार्य : सिद्धेश्वर लाल




बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर शहर के चेचरिया में सोमवार को राम प्रसाद (जर्दा मर्चेंट) एवं हृदयानंद कमलापुरी (रूपमहल) की ओर से स्व रामदेनी साह एवं स्व यमुना देवी की स्मृति में पनशाला खोला गया। पनशाला का शुभारंभ गढ़वा जिला बीस सूत्री के पूर्व उपाध्यक्ष सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इसके बाद राहगीरों को पानी पिलाकर पनशाला की शुरूआत की। उस मौके पर गढ़वा जिला बीस सूत्री के पूर्व उपाध्यक्ष सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल ने कहा कि अपने पूर्वजों की याद में पनशाला खोला जाना सराहनीय कार्य है। पनशाला खुलने से राहगीरों को तपती धूप में पेयजल के लिये भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने पनशाला खोलने के लिये राम प्रसाद (जर्दा मर्चेंट) एवं हृदयानंद कमलापुरी (रूपमहल) की जमकर सराहना की। उस मौके पर सर्वेश्वरी आश्रम के मंत्री हेमंत प्रताप देव, चेंबर ऑफ कॉमर्स नगर इकाई के अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, सचिव गोपाल जायसवाल, उमेश प्रसाद, डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, कामता प्रसाद, अशोक जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद, मंदीप प्रसाद, अजीत चौबे, ललसु राम, महमूद आलम, अंजुमन के सदर तौहीद खां, सुदर्शन प्रसाद, अजय प्रसाद, शुभम प्रकाश, धर्मेंद्र प्रताप देव, रजनीश प्रताप देव, शैलेंद्र प्रताप देव, मिंटू कुमार, संतोष कुमार, विद्याभास्कर समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज़ अपडेट्स

### रेलवे ट्रैक से युवक का शव बरामद

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदगंज-सतबहिनी रेलवे स्टेशन के बीच भीम चूल्हा रेलवे टनल के पास डाउन ट्रैक से सोमवार को लगभग 45 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव को पुलिस ने बरामद किया है। सोशल मीडिया में आने के बाद शव की शिनाख्त कांडी थाना क्षेत्र के मंडरा निवासी मुनरचंद पासवान के लगभग 45 वर्षीय पुत्र विजय पासवान के रूप हुई है। मृतक आसमानी शर्ट और पैंट पहने हुये था। घटना की सूचना मिलते ही मोहम्मदगंज थाना से एसआई शेख अमानुल्लाह घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने पहले आसपास के लोगों को बुलाकर पहचान कराया लेकिन मृतक की शिनाख्त किसी ने नहीं की। एसआई शेख अमानुल्लाह ने बताया कि प्रथम दृष्टया रेल से कटकर मौत होना प्रतीत होता है। लेकिन मामले की गहनता जांच की जा रही है। वहीं सोशल मीडिया से जानकारी मिलने के बाद परिजन मोहम्मदगंज पुलिस स्टेशन पहुंचे।

**चुनाव** नौ उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह किया गया आवंटित : डीसी

# सभी बूथों पर सुरक्षा के किये गये पुख्ता इंतजाम : एसपी

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** लोकसभा चुनाव के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र से कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किये थे। सभी का नामांकन वैद्य पाया गया। इसके बाद 29 अप्रैल को नाम वापसी लेने का अंतिम तिथि था। इसमें दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। अब कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गये हैं। जिन्हें जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशिरंजन व एसपी रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता किया। डीसी ने कहा कि पलामू जिला में 2447 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इसमें 22 लाख 43 हजार 34 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। जहां पर 13 मई को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के सभी बीएलओ द्वारा बूथ स्तर के मतदाताओं के बीच वोटर लीस्ट देने का काम किया जा रहा है जो छह मई तक घर घर पर्ची पहुंचा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड के अलावे मनरेगा जॉब कार्ड, पास बुक, ड्राईवरी लाईसेंस, पेंशन बुक, स्मार्ट कार्ड, बिजली बिल समेत कुल 11 पहचान पत्र लेकर मतदान केंद्रों पर जाना है। पलामू जिला में तीन ऑब्जर्बर आये हैं जो चुनाव से संबंधित सभी पहलुओं पर नजर रख रहे हैं। यदि किन्हीं को चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की सूचना देना है तो वे ऑब्जर्बर से मिलकर दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में 85 वर्ष के अधिक उम्रवाले मतदाताओं को घर पर ही मतदान कराने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा को हाथी, राजद प्रत्याशी ममता भुईयां को लालटेन, भाजपा प्रत्याशी विष्णुदयाल राम को कमल फूल, बहुजन मुक्ति पार्टी के रामबचन राम को खाट, निर्दलीय प्रत्याशी गणेश रवि को तीतली, राष्ट्रीय समानता दल के ब्रजेश कुमार तूरी को कैची, एसयूसीआई के महेंद्र बैठा को बैट्री टार्च, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के बृंदा राम को फल टोकरी, लोकहित अधिकार पार्टी के सनन राम को सेव छाप चुनाव चिन्ह दिया गया है। उन्होंने कहा कि दो प्रत्याशी भाकपा के अभय कुमार व सत्येंद्र पासवान ने अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि जीएलए कॉलेज में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान फुड फेस्टिवल का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने जिले के मतदाताओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में घर से निकलकर अपने मत का प्रयोग करें और दूसरों को भी जागरूक करें। अत्यधिक गर्मी को देखते हुये मतदाता अपने सेहत का ख्याल रखते हुये मत का प्रयोग समय अनुसार करें। एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। महिला बूथ पर महिला पुलिसकर्मी व पदाधिकारी को लगाया गया है। बूथों पर वाहन से जाने के लिये बूथ से 300 मीटर पीछे ही वाहन को खड़ा करना है। उन्होंने कहा कि चैनपुर में एक, हुसैनाबाद में दो, लेस्लीगंज में एक कुल मिलाकर चार आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है।

### विशुनपुरा बीडीओ के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन



**गढ़वा :** विशुनपुरा बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा (झाप्रसे) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिये सोमवार को समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसी शेखर जमुआर समेत सभी वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा मृतक की आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रख कर प्रार्थना किया। डीसी ने जिला प्रशासन की ओर से उनके आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त करते हुये कहा कि हमने एक अच्छे पदाधिकारी को खोया है, जो काफी पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम मृतक के परिजनों के साथ खड़े हैं। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी मतियस विजय टोप्पो समेत सभी वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### हाईकोर्ट ने दिया कांडी थाना को तत्काल सील करने का आदेश




**कांडी :** झारखंड हाईकोर्ट ने गढ़वा जिला के कांडी थाना को तत्काल सील करने का आदेश दिया है। मिली मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हाईकोर्ट में न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार (रिटायर्ड जिला जज) ने बहस की। दरअसल कांडी थाना का भवन बनने के बाद उसकी भूमि के स्वामित्व को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया था। जिस पर सुनवाई करते हुये हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया है। इस संबंध में अजय कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कहा गया कि उसकी भूमि पर थाना का भवन बना दिया गया है, लेकिन उसे उचित मुआवजा नहीं दिया गया। जिस पर हाईकोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि बिना मुआवजा दिये किसी की भूमि पर सरकारी निर्माण कैसे किया जा सकता है। तत्काल कांडी थाना को सील करने का निर्देश जाता है। इस संबंध में अजय सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि 2021 से हाईकोर्ट में केस चल रहा था। इससे पूर्व भी हाईकोर्ट ने 11 मार्च 2024 को स्वतह संज्ञान लेकर उक्त सभी भूमि पर कार्य करने रोक लगाई थी। इसके बावजूद भी नहीं मानने पर 18 मार्च 2024 को गृह सचिव को तलब किया गया था। आज पुनः हाईकोर्ट संज्ञान लेते हुए कांडी थाना को सील करने का आदेश दिया है।

### बीसीए सत्र 2022-25 के फिजिक्स में 76 विद्यार्थी फेल

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग एक बार फिर कटघरे में खड़ा है। एनपीयू के वोकेशनल कोर्स सत्र 2022-25 के प्रथम वर्ष की परीक्षा अक्टूबर महीने में हुई थी और उसका रिजल्ट अभी दो दिन पूर्व आया है। इतने समय के बाद भी परीक्षा परिणाम में गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के बीसीए के 76 बच्चों को फिजिक्स के विषय में फेल कर दिया गया है। इधर परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थियों का कहना है कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम में अनियमितता बरती गयी है जिसके कारण हमारा रिजल्ट फेल किया गया है। छात्र नेता हिमांशु रंजन के नेतृत्व में सोमवार को छात्रों ने विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग का घेराव कर नारेबाजी की। विद्यार्थी रिजल्ट में सुधार की मांग कर रहे थे। छात्र नेता अभिषेक राज के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति बालकिशुन मुंडा का घेराव कर परीक्षा विभाग की अनियमितताओं से अवगत कराते हुये परीक्षा विभाग पर कार्यवाही की मांग की। श्री राज ने कहा कि एनपीयू का परीक्षा विभाग पूर्ण रूप से फेल है जिसका खामियाजा यहां के छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। परीक्षा नियंत्रक सिर्फ शिकायत लेना जानते है कार्यवाही उनके बस में नहीं है। विद्यार्थियों की मांगों पर प्रभारी कुलपति ने कहा कि अब मै रोज विश्वविद्यालय में उपलब्ध हूं आपकी समस्या के निदान के लिये जो भी प्रक्रिया होगी उसपर मैं कल परीक्षा नियंत्रक को निर्देश देकर जल्द से जल्द समाधान का प्रयास करूंगा। मौके पर हिमांशु रंजन, प्रांजल, ओम प्रकाश, प्रियम, राजन, अंशु, प्रकाश, नितिन, प्रभात, राकेश आदि उपस्थित थे।

### चेकिंग अभियान में पकड़े गये दो दर्जन वाहन

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वहीं डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर भी यातायात प्रभारी के नेतृत्व में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। डालटनगंज शहर के छः मुहान चौक पर सोमवार को चेकिंग अभियान में कई वाहन पकड़े गये। दो पहिया



वाहन के कुछ गाड़ियों के चालक बगैर हेलमेट और ट्रिपल लोड थे, उनके वाहनों को जब्त कर शहर थाना में भेजा गया। वहीं एक कार चालक जो शराब पीकर गाड़ी चला रहा था उसकी गाड़ी को भी जब्त किया गया। यातायात प्रभारी ने बताया कि जब सभी वाहनों को जुर्माना के लिये सूची बनाकर परिवहन कार्यालय भेज दिया गया है। कुल चलान की राशि 39300 है।

## जायन्ट्स सहेली ने तीन स्थानों पर किया पनशाला का उद्घाटन

# घड़ा पट्टी व मेन बाजार में खुलीं पनशालाएं

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** भीषण गर्मी को देखते हुये जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के तत्वावधान में तीन पनशाला का उद्घाटन किया गया। सबसे पहले जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के निवर्तमान अध्यक्ष रितु जायसवाल के मेन रोड स्थित निवास पर पहला पनशाला का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात जायन्ट्स सहेली सदस्य विमला केशरी के निवास घड़ा पट्टी एवं सुमन केशरी के मेन बाजार स्थित निवास सह प्रतिष्ठान




के समीप दूसरा एवं तीसरा पनशाला का उद्घाटन किया गया। मौके पर जायंट्स पदाधिकारियों ने कहा कि गढ़वा में ही नहीं पूरे देश में अभी गर्मी काफी पड़ रही है। ऐसे में जायन्ट्स सहेली के द्वारा पनशाला का शुभारंभ किया जा रहा है। इससे आम राहगीरों को काफी राहत मिलेगी। पदाधिकारी ने लोगों से कहा कि इस भीषण गर्मी एवं लू में जरूरी हो तो ही घर से निकले अन्यथा घर से ही अपना काम निपटाये। यदि बाहर निकले तो भरपेट खाना खाकर पानी पीकर एवं गमछा, तौलिया, छाता आदि लेकर निकले ताकि तेज धूप और लहर के प्रकोप से बच सके। सहेली के सदस्यों ने आमजनों से अपने घर के बाहर एवं छतों पर खुले में पानी रखने की अपील की। ताकि पशु पक्षियों के जीवन की रक्षा की जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहेली अध्यक्ष रंजना जायसवाल एवं संचालन सहेली के प्रशानिक निदेशक रीमा स्वरूप ने की। मौके पर जायन्ट्स सहेली के फाउंडर अध्यक्ष सह पूर्व यूनिट डायरेक्टर रश्मि कमलापुरी, सहेली के पूर्व अध्यक्ष सह फेडरेशन 8 के पूर्व उपाध्यक्ष रीता केशरी, पूर्व अध्यक्ष सह फेडरेशन के पूर्व पदाधिकारी सीमा केशरी, ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष माला केशरी, पल्लवी पुंज, मंजु गुप्ता, करुणा केशरी आदि उपस्थित थी।

# बीडीओ केरकेट्टा के निधन पर शोक सभा का आयोजन

बंशीधर न्यूज

**विशुनपुरा :** बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा के निधन पर प्रखंड कार्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रख कर मृतक की आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर पूर्व सीओ संदीप कुमार मद्धेशिया ने कहा कि प्रखंड के लिये बहुत बड़ी अपूर्णीय क्षति है। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। मौके पर प्रमुख दीपा कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप



देव, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, उपप्रमुख कविता देवी, बीडीसी शांति देवी, भरदुल चन्द्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण कुमार यादव, मुन्ना अंसारी, पंकज कुमार सिंह, नाजिर मुकुल कुमार, सुबोध कुमार, सीआई जयप्रकाश कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, निरंजन मिश्रा, ग्राम सेवक रामप्रवेश सिंह, जगदीश राम, अभिजीत सिंह, लालभूषण गुप्ता, मणिलाल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# झारखंड की सभी 14 सीटें जीतेगा एनडीए : मुख्यमंत्री मोहन यादव

**रांची।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि राज्य की सभी 14 सीटें एनडीए जीतेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भगवान कृष्ण भी मुस्कुराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दृढ़ संकल्प के कारण ही अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो पाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में शाहबानो मामले में भी सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था। कांग्रेस ने इसे लागू करने का बजाये संसद में विधेयक लाकर इससे पलट दिया था। माननीय न्यायालय के फैसले को लागू करने का संकल्प और इच्छाशक्ति सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

डॉ यादव ने कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका को देश के साथ-साथ पूरी दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जीवन का हर क्षण देश के लिए समर्पित कर दिया है। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री भी रहे। उन्होंने अपना पूरा जीवन निष्कलंक भाव से जिया है। यह हम सबों के लिए प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री मोदी चुनाव लड़ नहीं रहे हैं, उन्हें देश की विकास के लिए चुनाव लड़ाया जा रहा है। डॉ यादव ने कहा कि भगवान श्री राम और भगवान कृष्ण के कारण भारत का नाम पूरी दुनिया में अलग तरह से जाना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी के 10 सालों के कार्यकाल का मूल्यांकन करेंगे तो उन्होंने काफी काम किया है। इतने बड़े देश में प्रधानमंत्री मोदी जैसे लोग के लिए 10 साल का कार्यकाल काफी कम पड़ता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मैकाले की शिक्षा नीति को बदलकर नई शिक्षा नीति लागू की है। नई शिक्षा नीति में सनातन भी है, संस्कार भी है, विरासत भी है और रोजगार भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में



सनातन का सम्मान करने वाले नेताओं ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की। बाल गंगाधर तिलक ने गणेश उत्सव की शुरूआत की, लेकिन कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व परिवारवाद से ग्रसित है। तुष्टीकरण उसका एजेंडा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा दोनों मजबूत हुई है। पाकिस्तान के आतंकवादी भारत में आना बंद हो गये। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से दुश्मन को घर में घुसकर कड़ा जवाब दिया गया। उन्होंने कहा कि चाहे धारा 370 का मामला हो या कोविड के टीकाकरण का, कांग्रेस ने केवल और केवल दुष्प्रचार किया। धारा 370 पर कांग्रेस ने कहा था कि इसके हटने के बाद खून की नदियां बहेगी, लेकिन आज पूरे कश्मीर में अमन चैन है और विकास की धारा बह रही है।भारत के संविधान के आधार पर दलित, पिछड़ों, आदिवासी सबको आरक्षण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कोविड टीकाकरण का मजाक उड़ाया, एयर स्ट्राइक का सबूत मांगा। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के लोग पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। मध्य प्रदेश में ढाई लाख से ऊपर कांग्रेस के लोग भाजपा में शामिल हो चुके हैं। अमेठी में एक तरफ जबरदस्त प्रत्याशी है, तो दूसरी और जबरदस्ती थोपा गया प्रत्याशी। जनता थोपे हुए प्रत्याशी को नकारने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके पूर्व प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ यादव का स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत व अभिनंदन किया गया।

## अबकी बार 400 पार का लक्ष्य होगा साकार, फिर एक बार मोदी सरकार : खीरू महतो




**रांची।** जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सोमवार को प्रेस क्लब में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने की।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने एनडीए को समर्थन का ऐलान किया। कार्यकताओं को अपने -अपने लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव में सहयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को साकार करना है और पुनः देश में मजबूत सरकार लानी है।

जदयू कार्यसमिति की बैठक में जदयू नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सुशील सिंह, सागर कुमार, निर्मल सिंह, रेणु गोपीनाथ, शैलेंद्र महतो, पिंटू सिंह, राजू महतो, दुष्यंत पटेल, अर्जुन मेहता, सरयू गोप, आशा शर्मा, बिगा मिंज, कौशल कुमार, उदय सिंह, नागमणी सिन्हा, संजय ठाकुर, अखिलेश राय, उपेंद्र सिंह, दीप नारायण सिंह, रामाशीष डांगी, प्रदीप महतो, तेतरा महतो, रामजी प्रसाद एवं अन्य शामिल थे।

वहीं दूसरी ओर बैठक से पहले सांसद संजय सेठ, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो से उनके निवास पर मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया । साथ ही उन्हें दो मई को अपने नामांकन में शामिल होने का अनुरोध किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार, भाजपा नेता संजीव साहू भी उपस्थित रहे। खीरू महतो ने सेठ को शुभकामनाएं और जीत की अग्रिम बधाई दी।

# गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए कल्पना सोरेन ने दाखिल किया नामांकन

**गिरिडीह।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत करते हुए सोमवार को गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बेबी देवी, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, मंत्री आलमगीर आलम, सदर विधायक सुद्दिय कुमार सोनू, बगोदर विधायक और कोडरमा का इंडी गठबंधन के प्रत्याशी बिनोद सिंह भी उपस्थित थे। आचार संहिता के कारण ही




गिरिडीह जिला समाहरणालय में स्थित जिला निवार्ची पदाधिकारी गुलाम समदानी के समक्ष सिर्फ प्रस्तावक और समर्थक ही शामिल हुए थे। शुभ मुहूर्त 12 बजकर 20 मिनट में कल्पना सोरेन ने एक सेट में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इससे पहले उनका काफिला गिरिडीह के उत्सव उपवन रिसोर्ट से निकला। इस दौरान उनके समर्थको की भीड़ भी उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड के लोगों के दिलों में बसते हैं। वो भले ही आज हमारे बीच शारीरिक रूप से मौजूद नहीं हैं, लेकिन उनकी सोच पूरे झारखंड और देश के लोगों में रचा बसा है। कल्पना सोरेन ने कहा की उन्हे गांडेय की जनता का आशीर्वाद मिलेगा और सिर्फ गांडेय ही नहीं बल्कि राज्य की जनता का आशीर्वाद उन्हें मिलने जा रहा है। खास तौर पर वो गांडेय से चुनाव लड़ रही है तो गांडेय की जनता का आशीर्वाद मिलना तय है।

उल्लेखनीय है कि गांडेय सीट से झामुमो के सरफराज अहमद विधायक थे। ईडी द्वारा जमीन घोटाला मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी के दौरान सरफराज ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद पिछले दिनों वे राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गए।

## लोकसभा चुनाव में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर रहने की संभावना: रवि कुमार

रांची, 29 अप्रैल (हि.स.)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों की रचनात्मक्ता से मतदाताओं में जागरुकता आएगी। साथ ही झारखंड का वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ेगा। झारखंड में लगातार चल रहे विभिन्न मतदाता जागरुकता अभियानों से भी लोकसभा चुनाव-2024 में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर होने की संभावना है। वे सोमवार को निर्वाचन सदन स्थित सभागार में झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के विजेताओं को पुरस्कृत कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की परिकल्पना काफी पहले की गई थी। इस



कॉन्टेस्ट में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं ने रचनात्मक कार्य किया है। उन्होंने प्रतिभागियों को कॉन्टेस्ट में सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में प्रतिभागियों के भाग लेने से मतदान के लिए प्रचार-प्रसार बढ़ा है। मतदाताओं में जागरुकता बढ़ी है। सभी मतदाता मतदान करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए सार्थक पहल करने की अपील की। पुरस्कार वितरण में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने किया। झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में झारखंड सहित दूसरे राज्यों से भी प्रविष्टियां आईं थीं। शार्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, रील्स एवं पोस्टर मेकिंग कैटेगरी में प्रतिभागियों ने भाग लिया और प्रतिभा का प्रदर्शन कर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान भी विजेता प्रतिभागियों ने रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

# झापा के मैदान में उतरने से बदल सकता है खूंटी का समीकरण

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव में सबसे हॉट सीट बन चुकी खूंटी संसदीय सीट में इस बार भी दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला है। अब तक हुए सभी लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस अथवा भाजपा और झारखंड पार्टी के बीच ही मुकाबला होता आया है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के दिग्गज नेता कड़िया मुंडा का सीधा मुकाबला झारखंड पार्टी के एनोस एक्का से था, जिसमें कड़िया मुंडा ने बाजी मार ली थी।

कांग्रेस के वर्तमान उम्मीदवार कालीचरण मुंडा उस समय तीसरे स्थान पर थे। 2019 के संसदीय चुनाव में भाजपा के अर्जुन मुंडा की सीधी टक्कर कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से ही था, जिसमें 1445 वोटों के अंतर से अर्जुन मुंडा चुनाव जीत गये थे। इस बार भी लोगों को उम्मीद थी कि इन्हीं दोनों पुराने राजनीतिक योद्धाओं के बीच ही चुनावी दंगल होगा, पर झारखंड पार्टी की अपर्णा हंस और पूर्व विधायक निर्दलीय उम्मीदवार बसंत कुमार लोंगा की चुनाव मैदान में इंट्री से चुनावी समीकरण बदलने की संभावना राजनीति के जानकार जता रहे हैं।

जानकारों का मानना है कि झारखंड पार्टी का अब भी खूंटी संसदीय क्षेत्र खासकर सिमडेगा, कोलेबिरा और तोरपा में अच्छा जनाधार है। अपर्णा हंस खूंटी नगर पंचायत की वार्ड पार्षद हैं



और काफी दिनों से राजनीति में सक्रिय हैं। उनके पति सिरिल हंस भी खूंटी के रानीतिक क्षेत्र में एक जाना पहचाना नाम है। अपर्णा हंस ऑ चर्चेज कमेटी की सचिव भी रह चुकी हैं। बसंत लोंगा भी कोलेबिरा के पूर्व विधायक रह चुके हैं। अब देखना है कि लोंगा दूसरे दलों को कितना नुकसान पहुंचा सकते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि झारखंड पार्टी के मैदान में आने से कांग्रेस और भाजपा दोनों के वोट



प्रभावित हो सकते हैं।

ईसाई मतों के ध्रुवीकरण का लाभ मिल सकता है भाजपा को

राजनीति के जानकारों का मानना है कि आमतौर पर ईसाई समुदाय खासकर आरसी चर्च से जुड़े ईसाई मतदाता कांग्रेस के परंपरागत वोटर माने जाते हैं, जबकि जीईएल चर्च को झारखंड पार्टी का समर्थक माना जाता है। बताया जाता है कि ईसाई मतों के विखराव का लाभ भाजपा को मिल सकता है। भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा के समक्ष भी लोकसभा चुनाव के दौरान चुनौतियां भी कम नहीं हैं। सरना कोड, लैंड बैंक, कुद समुदायों को जनजाति का दर्जा देना, कुर्मी समुदाय को इसका लाभ नहीं देना जैसे कई सवालों से भाजपा



प्रत्याशी को रू ब रू होना पड़ सकता है।

भाजपा, कांग्रेस और झामुमो का दो-दो विधानसभा सीटों पर है कब्जा

पांच जिलों खूंटी, रांची, सिमडेगा, गुमला और सरायकेला-खरसावां की छह विधानसभा सीटों में भाजपा, कांग्रेस और झामुमो का दो-दो सीटों पर कब्जा है। खूंटी और तोरपा में भाजपा के विधायक हैं, तो सिमडेगा और कोलेबिरा में कांगेस के। वहीं खरसावां और तमाड़ विधानसभा सीट झामुमो के कब्जे में है। ऐसी स्थिति में चुनावी राजनीति किस करवट लेती है, यह कहना मुश्किल है, पर इतना तो तय है कि खूंटी में इस बार भी उम्मीदवारों के बीच कांटे का संघर्ष देखने को मिल सकता है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)